दिनांक– 25/08/2024 समय: 2.10पीएम

आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जिससे विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त को देशवासियों ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान–3 की सफलता का जश्न मनाया। श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष लालकिले से उन्होंने गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं से राजनीतिक व्यवस्था में जुडने का आह्वान किया था। इसका युवाओं पर जबरदस्त प्रभाव पडा है और बडी संख्या में युवा राजनीति में प्रवेश करने के लिए तैयार है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि उन्हें इस विषय पर देशभर के युवाओं से बहुत सारे पत्र मिले हैं। हर घर तिरंगा अभियान के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के रियासी में सात सौ 50 मीटर लंबे ध्वज के साथ चिनाब रेलवे पुल से तिरंगा रैली निकाली गई थी। यह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है।

प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश के झाबुआ के सफाईकर्मियों का जिक्र किया। इन सफाईकर्मियों ने कचरे से शानदार कलाकृतियों का निर्माण किया है। प्रधानमंत्री ने आगामी त्योहारों– जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, ओणम, मिलाद–उन–नवी और तेलुगु भाषा दिवस के लिए लोगों को बधाई दी।

मन की बात–झाबुआ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में आज झाबुआ के वेस्ट टू वेल्थ पार्क का उल्लेख किया। यहां नगरपालिका द्वारा संचालित अम्बेडकर पार्क को कचरे और बेकार पड़ी सामग्री को नया और कलात्मक रूप देकर संवारने का काम किया है।

प्रधानमंत्री द्वारा सराहना करने के बाद इस कार्य में लगे सफाई निरीक्षक टोनी मालवीय बेहद खुश है।

सूचना प्रसारण मंत्री इंदौर

सूचना प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने आज इंदौर के दूरदर्शन केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर श्री मुरुगन ने सूचना प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न मीडिया यूनिट के अधिकारी कर्मचारियों से विभागीय गतिविधियों पर चर्चा की। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय के एडीजी प्रशांत पाथराबे, दूरदर्शन एव आकाशवाणी के प्रादेशिक समाचार एकांश की निदेशक पूजा पी वर्धन और केंद्रीय संचार ब्यूरो भोपाल, दूरदर्शन/आकाशवाणी इंदौर के अधिकारी मौजूद थे। श्री मुरूगन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत दूरदर्शन केन्द्र इंदौर में पौधा रोपण भी किया।

मुख्यमंत्री इंदौर

प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित श्रीकृष्ण पर्व में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इंदौर के

दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। दोपहर में वह धार जिले के अमझेरा और शाम को पन्ना के जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीकृष्ण पर्व में हिस्सा लेंगे। इंदौर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायो में गीताभवन केन्द्र बनाए जाएंगे।

<u>बारिश/मौसम</u>

प्रदेश में एक बार फिर भारी बारिश का दौर जारी है। आज मालवा–निमाड़ के 14 जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, कल रात से राजधानी भोपाल में बारिश हो रही है। रात में 4 इंच से ज्यादा पानी गिर गया। भदभदा डैम के दो और कलियासोत डैम के 4 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। पन्ना में बीते दो दिनों से बारिश का दौर जारी है। अबतक सबसे अधिक बारिश पवई में दर्ज की गई है। विदिशा में बारिश के चलते आज अशोकसागर बांध के 5 गेट खोल दिए गए हैं। धार जिले में भी बारिश का दौर जारी है। यहां सबसे अधिक बारिश बाग में दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में सिस्टम स्ट्रॉन्ग होगा। 26 अगस्त को यह आगे बढ़ेगा। इसके बाद यह कमजोर होगा, जिससे बारिश की एक्टिविटी कम हो जाएगी। लेकिन बंगाल की खाड़ी में 30 अगस्त से नया सिस्टम एक्टिव होगा। जिसके असर से एक बार फिर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होगा।